## प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–8 के अन्तर्गत डी0 टी0 रोड से कुमारकोट मोटर मार्ग (4.60 किमी0) के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। (कुल वन भूमि 1.89 है0)

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–8 के अर्न्तगत जनपद उत्तरकाशी के डुण्डा ब्लाक में ग्राम कुमारकोट कोड संख्याः 47800 जनसंख्या 485 (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु धौंतरी –ठाण्डी मोटर मार्ग के किमी० 9 से 4.60 किमी० लम्बाई में मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है। इस हेतु भारत सरकार के पत्र संख्याः 1760 / पी03–14 / यू.आर.आर.डी.ए. / 09, दिनांक 14 दिसम्बर 2009 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में इस गांव हेतु एक मात्र पैदल मार्ग ही उपलब्ध है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन, स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू उपयोग की सामग्री के ढुलान हेतु अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व गांव की पैदा होने वाली नगदी फसल को बाजार तक न पहुॅचने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प न होने के कारण यह मार्ग आरक्षित वन भूमि के अर्न्तगत 1.625 किमी०, 1.075 किमी० सिविल वन भूमि तथा 1.900 किमी० नाप भूमि में निर्मित होकर कुमारकोट होते हुये ठाण्डी तक निर्मित किया जायेगा।

अतः मार्ग निर्माण में पड़ने वाली आरक्षित व सिविल वन भूमि हस्तान्तरण, वृक्षों के पातन आदि के लिए यह प्रस्ताव स्वीकृति हेतु गठित किया गया है।

सहायक अभियन्ता,
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
सिंचाई खण्ड,उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता,
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
सिंचाई खण्ड,उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
सिंचाई खण्ड उत्तरकाशी